# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## नवम्बर 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# 6 नवंबर को मैराथन दौड़ से होगी ओलंपिक खेल महोत्सव 2022 की शुरुआत

भिलाई नगर/ 6 नवंबर से दुर्ग जिला ओलंपिक खेल महोत्सव का आयोजन पहली बार भिलाई में होने जा रहा है। 6 तारीख को प्रातः 6:00 बजे से सेक्टर 1 क्रिकेट मैदान (नेहरू हाउस ऑफ कल्चर) से मैराथन दौड़ के साथ ओलंपिक खेल की शुरुआत होगी तथा भिलाई के सेंट्रल एवेन्यू से होते हुए शहीद पार्क सेक्टर 5 में इसका समापन होगा, अधिक से अधिक लोग इस मैराथन दौड़ में भाग लेंगे, इसके लिए महापौर नीरज पाल ने भी सभी से इसमें भाग लेने अपील की है।अधिक जानकारी के लिए अनुज एन.आई.एस. प्रशिक्षक भिलाई इस्पात संयंत्र के मोबाइल नंबर 9926116160 पर संपर्क किया जा सकता है। खिलाड़ियों को पुरस्कार, मेडल एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। इन खेलों में ले सकते हैं हिस्सा जिला ओलंपिक खेल महोत्सव के लिए एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फेसिंग, हैंडबॉल, जूडो, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, कुस्ती, वालीबॉल, नेट बॉल, रोलर स्केटिंग, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, वुशु, साइकिलिंग, रस्सा खींच, थ्रो बाल, डांस स्पोर्ट्स, टेनिस बॉल क्रिकेट, गटका, रोलबॉल, योगा, मलखंभ, पैकॉकसिलट, साइकिल पोलो एवं बॉडी बिल्डिंग में भाग ले सकते हैं।



# भिलाई में कंडम एवं कबाड़ वाहनों को हटाने चलाया जाएगा संयुक्त अभियान, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाई नगर/ सोमवार से कंडम व कबाड़ वाहनों को हटाने निगम एवं यातायात/पुलिस विभाग दोनो साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाने जा रहे है। आज निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों की बैठक लेकर इसके निर्देश दिए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि नेशनल हाईवे सड़क के किनारे से इस अभियान की शुरुवात होगी तथा बेतरतीब लंबे समय से पड़े वाहनों को हटाने के लिए यह बड़ा अभियान होगा। वाहनों को हटाने के लिए नोटिस के साथ ही सूचना भी दी गई है ताकि वाहन मालिक या बेतरतीब वाहन रखने वाले स्वयं से अपने वाहनों को हटा ले, इसके साथ ही चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण पर आयुक्त ने इसके लिए तैयार किए गए प्लान के प्रजेंटेशन का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता बीएल जोशी, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



# भिलाई में वेंडिंग जोन बनाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निरीक्षण कर जायजा

भिलाई नगर/ भिलाई में वेंडिंग जोन बनाने के लिए प्रक्रिया आरंभ हो गई है। प्रारंभिक तौर पर नेहरू नगर जोन क्षेत्र में वेंडिंग जोन काम किया जा रहा है। आज निगमायुक्त रोहित व्यास वेंडिंग जोन के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने नेहरू नगर पहुंचे। नेहरू नगर चौक के पास शानदार वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है। इसके लिए कार्य भी आरंभ हो गए है और पहले स्थल को सुंदर बनाने के लिए आकर्षक पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है। आयुक्त श्री व्यास ने वेंडिंग जोन के लिए अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।लोक निर्माण विभाग द्वारा 77 एमएलडी के सामने से दुर्ग जाने वाले सड़क की ओर विकास व सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है, इन कार्यों का अवलोकन आयुक्त ने किया और संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन संजय शर्मा, सहायक अभियंता विनीता वर्मा व वसीम खान, उप अभियंता श्वेता वर्मा तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



# दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के सचिव एवं भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दुर्ग जिले के समस्त निकायों की ली महत्वपूर्ण बैठक के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के सचिव एवं भिलाई निगमायुक्त रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभागार में दुर्ग जिले के समस्त निकायों की बैठक मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर ली। बैठक में निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें तथा लैब टेस्ट के लिए भी मरीजों को प्रेरित करें, क्योंकि कई सारी गंभीर बीमारियों का पता पूर्व में चल जाने से बीमारियों को समाप्त करने में आसानी होती है, अन्यथा बीमारी भयानक रूप धारण कर सकता है।कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा भी लगातार इस योजना की समीक्षा कर रहे है। इस महत्वपूर्ण बैठक में सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जे. पी. मेश्राम, सहायक श्रम आयुक्त श्रद्धा केसरवानी, बव्या एजेंसी के स्टेट कोर्डिनेटर, जिला के नोडल अधिकारी बी. के. देवांगन, लोक सेवा केंद्र की जिला संयोजक श्रुति अग्रवाल, सभी निकाय के नोडल अधिकारी, मोबाइल मेडिकल यूनिट के समस्त स्टॉफ एवं संबंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



# आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए प्रारंभ हो गया महाअभियान

भिलाईनगर/रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। भिलाई निगम, दुर्ग निगम, रिसाली निगम एवं भिलाई चरोदा निगम की संयुक्त टीम सभी निकायों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। इस अभियान की शुरुआत गुरुवार से भिलाई में हो चुकी है और 2 दिनों में 101 आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है। इन चारों निकायों के द्वारा प्रत्येक एक निकाय में 5 दिवस तक फिर दूसरे निकाय में 5 दिवस तक इस प्रकार से चारों निकायों में अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को 36 और आज 65 आवारा मवेशियों को पकड़ा गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी के तहत महाअभियान निकाय क्षेत्र में चलाया जा रहा है। नगर निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़े और अभियान में सहयोग प्रदान करें।



# सड़क बाधा करते हुए मलबा बिखेरकर रखा तो होगी जुर्माने की कार्रवाई और मटेरियल की भी होगी जब्ती, बिल्डिंग परमिशन की भी होगी जांच

भिलाई नगर/ निगमायुक्त रोहित व्यास ने आज सफाई को लेकर विभिन्न वार्ड क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अंदरूनी क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था देखी। चंद्रशेखर आजाद नगर में बॉम्बे आवास में व्यापक सफाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति के द्वारा नाली में कचरा डाला जा रहा था, इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा दोबारा नाली में कचरा नहीं डालने के निर्देश दिए। आयुक्त की नाराजगी के बाद उस व्यक्ति ने कचरा वापस उठा लिया। नगर निगम भिलाई बारंबार लोगों से अपील कर रहा है कि कचरा को इधर-उधर न फेंके और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाली वाहनों को ही कचरा देवे। नाली या अन्य स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना की कार्यवाही की जा रही है। वार्ड क्षेत्र में भ्रमण के दौरान किड्स प्ले स्कूल के लिए विभिन्न इलाकों में भवन का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# नगर निगम क्षेत्र के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदा पारा, आदर्श पारा, संतोषी पारा, बैकुण्ठधाम क्षेत्र का आयुक्त रोहित व्यास ने किया भ्रमण।

भिलाई नगर / नगर निगम क्षेत्र के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदा पारा, आदर्श पारा, संतोषी पारा, बैकुण्ठधाम क्षेत्र का आयुक्त रोहित व्यास ने भ्रमण किया अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिए और अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता तथा दवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त श्री व्यास शासकीय अस्पताल सुपेला में इलाज हेतु भर्ती मरीजों से मिल कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली अस्पताल का भ्रमण कर स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने अस्पताल को स्वच्छ रखने तथा दवाई की पर्याप्त मात्रा रखने के निर्देश दिये है, उन्होने बी.एम.शाह अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैकुण्ठधाम पहुच कर भी मरीजों से मिले श्री व्यास ने मरीजो से तथा आम नागरिकों से अपील किये है, कि पानी को उबाल कर पश्चात ठंडा कर पीये तथा गरम व ताजा भोजन ग्रहण करे। उल्टी या दस्त होने पर डाक्टर से परामर्श लेकर दवा लेवे। आयुक्त श्री व्यास ने प्रभावित सभी बस्ती में पेयजल आपूर्ति टेंकर से करने तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई गई पाईप लाईन की जॉच कर क्षतिग्रस्त पाईप को बदलने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये है। उन्होने पानी टंकी की सफाई करवाने के निर्देश भी जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता जल कार्य को दिये है। चलित मेडिकल यूनिट की तीन गाडियों से प्रभावित बस्तीयों में लगा कर ईलाज किया जा रहा है तथा प्रति दिन प्रत्येक जोन से 20-20 स्थलों से पानी की सेंपल लेकर जॉच हेतु भेजा जा रहा है।





# भिलाई शहर के सार्वजनिक स्थानों से निगम हटा रहा है अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्री, निगम प्रतिदिन कर रहा है इस पर कार्रवाई

भिलाई नगर/ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में भिलाई निगम सतत कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अवैध पोस्टर एवं पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं, इस पर भिलाई निगम प्रतिदिन कार्रवाई कर रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों को आज भी दिन भर हटाने का काम किया गया। मुख्यतः खुर्सीपार जोन क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्रचार सामग्री हटाए गए। चेतावनी देने के बाद भी अवैध पोस्टर एवं होर्डिंग तथा प्रचार सामग्री लगाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है।शहर के प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति के सरकारी संपत्तियों में प्रचार सामग्री लगाने वालों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। अवैध होर्डिंग, पोस्टर, प्रचार सामग्री के विरुद्ध निगम ने सख्त कार्रवाई का रवैया अपनाया है, आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।



# बदलेगी राजस्व वसूली की एजेंसी महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की

भिलाई नगर / महापौर परिषद के आहूत बैठक में निगम क्षेत्र के जोन-02 एवं 03 के कुछ बस्तीयों में फैले डायरिया के कारणो को जानने के लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन कर 10 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। उक्त कार्य का स्थल परिवर्तन की अनुशंसा करते हुए राज्य शासन से अनुमति प्राप्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव 14वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड क्रं. 26 एवं 27 के ब्लॉक 01 से 21 एमआईजी-सी 2306 के सामने होते हुए गुरूद्वारा हाउसिंग बोर्ड एचआईजी 2194 के सामने सम्पूर्ण एरिया एवं एमआईजी-2962 के सामने संपूर्ण एरिया एवं जामुल थाना अटल चौंक से बुद्व बिहार होते हुए एकता चौंक तक सीमेंटीकरण कार्य हेतु राशि रू. 100.00 लाख मात्र स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है, किन्तु उक्त सड़क निर्माण कार्य सी.एम. घोषणा अंतर्गत संपादित किया जा रहा हैइसी प्रकार निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर राजस्व वसूली हेतु आर.एफ.पी बिड में श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टे. रांची कम्पोजिट स्कोर अधिक होने से उसके द्वारा प्रस्तुत दर पर कार्य कराये जाने निविदा निष्पादन कार्यादेश जारी करने की अनुशंसा महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई है।



## संक्रामक बीमारी डायरिया के फैलने के कारणों की जांच हेतु 09 सदस्यीय जांच समिति गठन आदेश जारी

भिलाई नगर / महापौर परिषद् में पारित संकल्प के परिपालन में आयुक्त रोहित व्यास ने जोन क्रमांक-02 एवं 03 के कुछ बस्तियों में संक्रामक बीमारी डायरिया के फैलने के कारणों की जांच हेतु 09 सदस्यीय जांच समिति गठन आदेश जारी किये है। गठित समिति में जलकार्य प्रभारी केशव चौबे, खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य संदीप निरंकारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार जोशी, अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन, कार्यपालन अभियंता जलकार्य संजय शर्मा, उपायुक्त रमाकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा को शामिल किये गये हैं।घर-घर चल रहे दवाई एवं क्लोरिन टेबलेट वितरण व सर्वे कार्य का अवलोकन किये। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने नागरिकों से अपील किये हैं कि पानी को उबालकर पिए तथा ताजा व गर्म भोजन ग्रहण करें, उल्टी दस्त की शिकायत होने पर नजदीक के अस्पताल अथवा प्रभावित बस्तियों के समीप लगाये गये शासन की चलित मेडिकल यूनिट वाहन पर जांच अवश्य करावें।



# निगम प्रशासन ने 05 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर / 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 5 कर्मचारियों को बुधवार को ससम्मान विदाई दी गई। महापौर नीरज पाल, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, एमआईसी मेंबर मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, रीता गेरा, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, आदि ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव के तहत सभी को मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। महापौर नीरज पाल ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई